एक नजर में

ई-टोकन से किसानों को अब घर बैठे मिलेगी खाद

जिले में नई उर्वरक वितरण प्रणाली 15 जनवरी से होगी लागू

आलीराजपुर । जिले के किसानों को अब खाद लेने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा। शासन के निर्देशानुसार 15 जनवरी 2026 से ई-टोकन और नई उर्वरक वितरण प्रणाली लागू की जा रही है, जिसके तहत किसान अपने मोबाइल से ही ई-टोकन जारी कर अपनी सुविधा अनुसार खाद प्राप्त कर सकेंगे। उप संचालक कृषि एस.एस. चौहान ने बताया कि जिले में कुल 231 उर्वरक विक्रेता हैं और सीजन में कई बार भीड़ के कारण किसानों को असुविधा होती है। नई प्रणाली के लागू होने से अब यह समस्या दूर होगी। किसान वेबसाइट पर जाकर या दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर आधार नंबर व ओटीपी से लॉग-इन कर सकेंगे। लॉग-इन करते ही उनकी फार्मर आईडी के माध्यम से एग्रीस्टेक से कृषि भूमि का विवरण स्वतः प्रदर्शित हो जाएगा। इसके बाद किसान बोई गई फसल का चयन करेंगे और उसके अनुरूप उर्वरक का विकल्प चुनेंगे। भूमि के अनुसार उर्वरक की पात्र मात्रा अपने-आप प्रदर्शित हो जाएगी। किसान अपनी सुविधा से किसी भी उर्वरक विक्रेता जैसे समिति, एमपी एग्रो, मार्कफेड गोदाम या निजी विक्रेताका चयन कर ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे। ई-टोकन मिलने के बाद तीन दिनों के भीतर चयनित विक्रेता से खाद खरीदी जा सकेगी। ई-टोकन की वैधता तीन दिवस होगी, जिसके बाद वह स्वतः निरस्त हो जाएगा। यदि पूरी मात्रा एक बार में नहीं ली गई हो, तो किसान शेष मात्रा के लिए नया ई-टोकन फिर से जारी कर सकेंगे। आगे उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन के लिए 6 जनवरी को एमपी एग्रो के मैदानी अमले को प्रशिक्षण दिया गया जबकि 7 जनवरी को निजी उर्वरक विक्रेताओं और कंपनियों के प्रतिनिधियों को जिला मुख्यालय में प्रशिक्षित किया गया। उप संचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के पटवारी से संपर्क कर अपनी फार्मर आईडी, एग्रीस्टेक में शेष खसरों की एंट्री और ई केवाईसी जल्द से जल्द पूर्ण करवा लें, ताकि नई प्रणाली के तहत उन्हें उनकी पूरी कृषि भूमि के अनुसार आसानी से उर्वरक मिल सके।

पेटलावद विकासखंड में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित

झाबुआ, । कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में विकासखंड पेटलावद में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना रहा। बैठक में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, प्रथम त्रैमास में प्राथमिकता के आधार पर एएनसी पंजीयन, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं उपचार, चार अनिवार्य एएनसी जांच, नवजात शिशुओं की गृह भेंट (॥क्ख्ह्र), गर्भवती महिलाओं की ई-केवाईसी एवं डीबीटी की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही एनसीडी स्क्रीनिंग एवं उपचार तथा टीबी स्क्रीनिंग की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, कुपोषित बच्चों की पहचान, गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती किए जाने तथा संबंधित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि जिले में 12 से 16 जनवरी 2026 तक पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. बघेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग श्री आर.एस. बघेल, सहायक संचालक अजय चौहान, डीपीएम श्री आर.आर. खन्ना, जिला टीकाकरण अधिकारी एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. अनिल राठौर, सीबीएमओ डॉ. एम.एल. चोपड़ा, सीडीपीओ अजय तिवारी स्वास्थ्य विभाग के सेक्टर मेडिकल अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम, आशा सहयोगिनी, आशा कार्यकर्ता तथा महिला बाल विकास विभाग के सेक्टर सुपरवाइजर एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फिटनेस से स्वरोजगार तक : आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी

झाबुआ, । जहाँ एक ओर देशभर में फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता निरंतर बढ़ रही है, वहीं झाबुआ जिले के युवा उद्यमी चेतन सोनी ने इस जागरूकता को अपने जीवन की दिशा और पहचान बना लिया है। उन्होंने फिटनेस के क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को ज़मीनी स्तर पर साकार किया है। कम उम्र में ही आत्मनिर्भर बनने का दृढ़ संकल्प लेकर चेतन सोनी ने फिटनेस को केवल व्यक्तिगत रुचि तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे समाज सेवा और रोजगार सृजन से जोड़ा। बढ़ती फिटनेस जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली की आवश्यकता को अवसर में बदलते हुए उन्होंने युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सशक्त मंच तैयार किया। आर्थिक संसाधनों की सीमाओं के बावजूद उन्होंने अपने सपने को साकार करने हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (*PMEGP*) का सहारा लिया। वर्ष 2022 में योजना के अंतर्गत आवेदन करने पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, झाबुआ द्वारा परियोजना रिपोर्ट तैयार करने एवं प्रक्रियागत मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया। इसके फलस्वरूप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, झाबुआ द्वारा उन्हें ?20 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया, जिससे उनके फिटनेस उद्यम को मजबूती मिली।इस वित्तीय एवं प्रशासनिक सहयोग से झाबुआ में 'द सी एस फिटनेस सेंटर' की स्थापना की गई। यह फिटनेस सेंटर आधुनिक मशीनों, अनुभवी प्रशिक्षकों, स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण से सुसज्जित है। यहाँ पर्सनल ट्रेनिंग, वजन घटाने, मसल ट्रेनिंग एवं योग जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। विगत तीन वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित यह फिटनेस सेंटर आज न केवल एक प्रतिष्ठित फिटनेस केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है, बल्कि 4 से 5 स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार भी उपलब्ध करा रहा है। अपनी सफलता पर चेतन सोनी ने कहा कि यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं है। इसके लिए में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

सनातन एकता से विश्व में लहराएं धर्म पताका : महंत रामेश्वरगिरीजी

- सनातन धर्म अति प्राचीन धर्म होकर इसकी शाखाएं मजबूत और शक्तिशाली है : आरएसएस विभाग प्रचारक कृष्णकांत पांडे
- बुनियादी हाईस्कूल मैदान में महाराणा प्रताप बस्ती का भव्य हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन

झाबुआ। शहर के बुनियादी हाईस्कूल प्रांगण में सर्व हिन्दू समाज द्वारा 10 जनवरी, शनिवार शाम 5 बजे से महाराणा प्रताप बस्ती का भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में श्री श्रृंगेश्वर धाम झकनावदा के महंत श्री रामेश्वरगिरीजी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्णकांत पांडे, सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी झरबड़े एवं कार्यक्रम संयोजक मनोज भाटी मंचासीन रहे।

पूरे माहौल को धर्म किया

अपने उद्बोधन में श्री श्रृंगेश्वर धाम झकनावदा के महंत रामेश्वर गिरीजी महाराज ने कहा कि हिन्दू विश्व की सबसे शक्ति है। हम सभी सनातनीयों को एकजुट होकर सनातन धर्म का पताका पूरे विश्व में लहराना है। आपने उपस्थित सभीजनों से भगवान श्रीराम एवं भारत माता और वंदे मातरम् के सामूहिक जयघोष लगाते हुए पूरे माहौल को धर्ममय किया गया। आरएसएस के विभाग प्रचारक कृष्णकांत पांडे ने बौद्धिक देते हुए बताया कि सनातन धर्म अति प्राचीन धर्म होकर इसकी जड़े अत्यधिक मजबूत और शक्तिशाली है। हमे जाति, समाज में नहीं बंटते हुए अपने धर्म के लिए कार्य करना है और जरूरत पड़े तो अपने प्राणों की आहूति भी सनातन धर्म और भारत माता की रक्षा के लिए देने को तैयार रहना है।

सामूहिक भोज का हुआ आयोजन

उक्त हिन्दू सम्मेलन करीब डेढ़ घंटे तक चला। अंत में आभार कार्यक्रम संयोजक मनोज भाटी ने मानते हुए उपस्थित सभीजनों को सनातन धर्म के महत्व और सनातन संस्कृति एवं परपंरा से रूबरू करवाया गया। कार्यक्रम पश्चात् सभी के लिए सामूहिक सहभोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाराणा बस्ती के सर्व हिन्दू समाज के लोग सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

प्रारंभ में प्रवेश द्वार पर सभी आंगतुकों का नन्हीं बालिका द्वारा तिलक किया गया। आयोजनस्थल को देश के महापुरूषों एवं जननायकों की तस्वीरों और सुंदर लेखनों से सजाया गया। सुंदर मंच निर्माण के साथ भव्य बैठक व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप बस्ती के हिन्दू समाज के सभी महिला-पुरूष, युवा, बच्चें एवं बुजुर्ग सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें सिद्धेश्वर कॉलोनी, टीचर्स, न्यू टीचर्स कॉलोनी, विवेकानंद कॉलोनी, लक्ष्मीनगर कॉलोनी, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, एलआईसी कॉलोनी, अयोध्या बस्ती, रोहीदास मार्ग, पॉवर हाउस रोड़ आदि क्षेत्रों से लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। पूरा आयोजन गरिमा एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। आयोजन स्थल एवं मार्ग को केसरिया ध्वजों से सजाया गया। सम्मेलन में प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत एवं अतिथि परिचय गजेन्द्रसिंह चंद्रावत ने दिया। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम के सह-संयोजक पं. मोहित पुरोहित ने दिया।

सामाजिक महासंघ ने बच्चों को नि :शुल्क पतंगें बांटी

- जलेबी के पैकेट प्रदान किए गए, निर्धन बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

झाबुआ। सामाजिक महासंघ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मकर सक्रांति पर्व के उपलक्ष में 10 जनवरी, शनिवार शाम 6 बजे से नि:शुल्क पतंग एवं डोरा वितरण कार्यक्रम स्थानीय लक्ष्मीनगर स्थित अंबा रिसोर्ट पर रखा गया। जिसमें शहर सहित आसपास के गांवों के करीब 800 निर्धन बच्चों को 8 हजार पतंगों और 800 डोरो का वितरण कर उन्हें चेहरे पर खुशी लाई गई। इस दौरान बच्चों को मिठाई के रूप में जलेबी के पैकेट प्रदान किए गए।

प्रारंभ में सामाजिक महासंघ के वरिष्ठ राधेश्याम परमार 'दादुभाई' ने बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारी देने के साथ धार्मिक प्रश्नावली की, जिनका अधिकांश बच्चों ने सहीं उत्तर दिया। सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर ने उपस्थित बच्चों को मकर सक्रांति पर्व पर चायना-नायलॉन के धागों का उपयोग नहीं करने हेतु प्रेरित किया एवं सभी से हाथ खड़े करवाकर इसके लिए संकल्प भी दिलवाया।

8 हजार पतंगों एवं 800 डोरों का हुआ वितरण

नि :शुल्क पतंग एवं धागा वितरण कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के ग्राम बाड़कुआं सहित अन्य गांवों में करीब 800 निर्धन बच्चों 8 हजार से अधिक पतंगों और 800 से अधिक डोरो का वितरण कर उन्हें चेहरे पर खुशी लाई गई। साथ ही बच्चों को मकर सक्रांति के उपलक्ष में मिठाई के रूप में जलेबी के पैकेट प्रदान किए गए। जिस पर बच्चों ने अत्यधिक प्रसन्नता व्यक्त की। **यह रहे उपस्थित**-संपूर्ण कार्यक्रम में सामाजिक महासंघ के वरिष्ठ कोमलसिंह कुशवाह, मधुसुदन शर्मा, जितेन्द्र शाह, नाथुलाल पाटीदार, कमलेश पटेल, भेरूसिंह चौहान 'तरंग', प्रवीणकुमार सोनी, स्वदेशी जागरण मंच से दिलीप जोशी, अनिल पोरवाल 'भूरूभाई', मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी, मोंटू राठौर, अब्दुल रहीम 'अब्दु दादा', मातृ शक्तियों में भारती राठौर, अनिता जाखड़, दीपाली चौहान, सावित्री बारिया सहित बड़ी संख्या में सामाजिक महासंघ के पदाधिकारी-सदस्य उपस्थित रहे।

कल मेघनगर में होगा विशाल हिन्दू सम्मेलन

मेघनगर.. संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर हिन्दू समाज को जागृत करने संगठित करने धर्म संस्कृति को बचाने धर्मांतरण रोकने के साथ साथ सामाजिक समरसता लाने के लिए जगह-जगह हिन्दू सम्मेलन हिन्दू समाज द्वारा किए जा रहे है . रविवार को मेघनगर मे भी सम्मेलन होगा सुबह 9 बजे विश्वकर्मा मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दशहरा मैदान पर पहुंचेगी, जहां धर्म सभा होगी धर्म सभा को हिन्दू समाज के संत सम्बोधित करेंगे आयोज समिति द्वारा नगर के व्यापारीयो से अपना व्यवसाय बन्द रखने का आह्वान कर कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचने का आह्वान कर भोजन प्रसादी ग्रहण करने का आह्वान किया है . आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को लेकर सम्पूर्ण तैयारीयां कर ली है इस से पुर्व शुक्रवार को महिला मण्डल व रात्रि में भगत समाज द्वारा संगीतमय भजन किए शनिवार को सगींतमय सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया .

शासकीय उचित मूल्य दुकानों की समीक्षा बैठक आयोजित

आलीराजपुर । कलेक्टर कार्यालय आलीराजपुर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तपीस पांडे की अध्यक्षता में शासकीय उचित मूल्य दुकानों के समस्त विक्रेताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन वितरण एवं ई-केवाईसी की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के प्रमुख बिंदुओं में शत-प्रतिशत राशन वितरण, नवीन पात्रता परिवारों के सदस्यों की ई-केवाईसी, तथा पूर्व से राशन प्राप्त कर रहे ऐसे हितग्राही जिनकी अभी तक केवाईसी नहीं की गई है, शामिल रहे। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी दुकानों पर राशन वितरण 100 प्रतिशत सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।इसके साथ ही आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व प्रत्येक उचित मूल्य दुकान को दुकानवार ई-केवाईसी लक्ष्य प्रदान किया गया।

निर्देशित किया गया कि नवीन पात्र सदस्यों एवं शेष हितग्राहियों की ई-केवाईसी समय-सीमा में पूर्ण की जाए, जिसकी आगामी बैठक में पुनः समीक्षा की जाएगी।

बैठक में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी महोदय सहित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के समस्त विक्रेता उपस्थित रहे। प्रशासन ने सभी विक्रेताओं से निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए पारदर्शी एवं सुचारु वितरण सुनिश्चित करने की अपील की।

आलीराजपुर में दुर्घटनाओं पर लगाम के लिए पुलिस का बड़ा अभियान

आलीराजपुर । पुलिस मुख्यालय *PTRI* भोपाल के निर्देशानुसार 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक देशभर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आलीराजपुर जिला में भी सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

जिले में बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालित होती हैं, जिनमें प्रायः पीछे कोई बैक लाइट या संकेतक व्यवस्था नहीं होती। इसके कारण रात्रिकालीन समय में गंभीर दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है।

इसी गंभीर समस्या को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह द्वारा यातायात पुलिस को ठोस और प्रभावी निर्देश जारी किए गए।

65 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रिफ्लेक्टिव रेडियम-पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन में यातायात पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्रों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे रिफ्लेक्टिव रेडियम लगाने हेतु सामग्री उपलब्ध कराई गई।

इसी अभियान के तहत दिनांक 09 जनवरी 2026 को जिला मुख्यालय पर करीब 65 वाहनों पर रिफ्लेक्टिव रेडियम लगाए गए।

इस अवसर पर वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन, रात्रि में सुरक्षित वाहन संचालन और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

'सड़क सुरक्षा – जीवन रक्षा' का संदेश

यातायात प्रभारी सूबेदार अर्जुनसिंह वास्केल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी माह में पूरे जिले में 'सड़क सुरक्षा – जीवन रक्षा' की थीम पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि आमजन में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी और सतर्कता विकसित की जा सके।

पुलिस प्रशासन की सराहनीय पहल-जिला पुलिस का यह प्रयास न केवल दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है,

एक नजर में | सरकार व जिला प्रशासन संज्ञान ले अन्यथा कांग्रेस प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन करेगी

केमिकल फैक्ट्री के जहरीले पानी को लेकर कांग्रेस ने जिला प्रशासन को चेताया

झाबुआ/विधायक कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता आयोजित हुई।जिसमें हाल ही में दूषित जहरीले पानी से इंदौर के भागीरथपुरा में 20 व्यक्तियों की जान चली गई वहीं 100 से अधिक जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं।

वहीं भाजपा सरकार व जिला प्रशासन मेघनगर में स्थापित केमिकल फैक्ट्रीयों से निकलने वाले जहरीले पानी से क्षेत्र के ग्रामीण किसान आम जनता व पशुओं के जीवन पर क्या असर पड़ रहा है उससे बेखबर है।

पत्रकार वार्ता में सरकार और जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने कहा की विगत दो माह पहले कांग्रेस ने हजारों की तादाद में जीवन बचाओ महा आंदोलन के जरिए मेघनगर की केमिकल फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले पानी जिसमें आयरन क्रोमियम जैसे तत्व निकलते जिससे कैंसर जैसी भयानक बीमारियां फसलों को नुकसान वही रासायनिक प्रदूषण से क्षेत्र की हवा और जल संसाधन में गंभीर रूप से प्रदूषण होने पर विरोध प्रकट कर केमिकल फैक्ट्रीयो को वहां से हटाने के लिए विरोध किया था पर आज तक उसका निराकरण नहीं किया गया हमारे सामने आज इंदौर के भागीरथपुरा की घटना से भी प्रशासन और सरकार अनभिज्ञ है।

उन्होंने कहा कि विगत माह केंद्रीय समिति द्वारा भू- जल सर्वेक्षण किया गया जिसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन ने आज तक सार्वजनिक नहीं की उक्त रिपोर्ट में पूरे क्षेत्र के जल स्त्रोत में दूषित लाल पानी पाया गया था वहीं हमने संबंधित विभागों से सवाल पूछे पर जिला प्रशासन द्वारा आज तक जवाब नहीं दिया गया इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए सरकार और जिला प्रशासन ने सतर्कता नहीं बरती तो मेघनगर क्षेत्र में गंभीर परिणाम भागीरथपुरा जैसे आ सकते हैं वही मोदी सरकार ने मनरेगा गारंटी योजना का स्वरूप बदलने और नाम बदलने से देश के करोड़ों गरीब मजदूरो के साथ भी खिलवाड़ किया है जो एक गंभीर विषय है ऐसी गंभीर समस्यायो का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस शीघ्र ही हजारों की तादाद में प्रदेशव्यापी धरना आंदोलन करेगी

विधायक वीर सिंह भूरिया ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की मेघनगर की फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले पानी से पुरा क्षेत्र दूषित हो रहा है भाजपा सरकार और जिला प्रशासन चुप्पी साधे कोई गंभीर घटना का इंतजार कर रहे हैं हमने जीवन बचाओ महा आंदोलन के जरिए सरकार और जिला प्रशासन को आगाह किया था वह हमारे द्वारा उद्योग विभाग एवं प्रदूषण विभाग से सवाल पूछे गए थे आज तक उसका जवाब नहीं मिला वही क्षेत्र की जनता जनार्दन ग्रामीण किसान व पशुओ पर खतरा मंडरा रहा है सरकार और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है जिला प्रशासन और सरकार ने अगर इन पर संज्ञान नहीं लिया तो शीघ्र ही एक प्रदेशव्यापी महा आंदोलन कांग्रेस करेगी

पत्रकार वार्ता में मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष यामीन शेख खून सिंह गुंडीया एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नरवेश अमलियार जितेंद्र शाह आदि उपस्थित थे